


# जैव विविधता और पारिस्थितिकी तंत्र सेवाओं (IPBES) पर अंतर-सरकारी विज्ञान-नीति प्लैटफ़ॉर्म

***<u>सूचना अलर्ट:</u>***

**'नेक्सस असेसमेंट' (Nexus Assessment) विश्व जैव विविधता, जल, भोजन, स्वास्थ्य और जलवायु परिवर्तन के एक-दूसरे से संबंधित वैश्विक संकटों का सामना कर रहा है**
**IPBES विशेषज्ञों ने प्रतिक्रिया के विकल्प पेश किए हैं**

## एकीकृत और अनुकूलनीय निर्णय से पृथक- पृथक मुद्दों के बीच की खाई को पाटना

**यह रिपोर्ट मंगलवार, 17 दिसंबर 2024 को दोपहर 1 बजे GMT पर लॉन्च के लिए निर्धारित की गई है**

*"जैव विविधता, जल, भोजन, स्वास्थ्य और जलवायु परिवर्तन से संबंधित वैश्विक संकटों को अलग-अलग मानने पर वे अक्सर एक-दूसरे को* जटिल कर देते हैं, *इसलिए इनसे मिलकर* समाधित *किया जाना चाहिए। 'नेक्सस आकलन' IPBES समुदाय द्वारा अब तक किए गए सबसे महत्त्वाकांक्षी कार्यों में से एक है, जो निर्णयों और कार्यवाईयों को एकल मुद्दे के दायरे से बाहर ले जाने के लिए प्रतिक्रिया विकल्पों की अभूतपूर्व श्रृंखला प्रदान करता है। लगातार बढ़ते संकट एक-दूसरे को जटिल बना सकते हैं, लेकिन एक मिला-जुला दृष्टिकोण इन संकटों के बीच अंतर-निर्भरता पर विचार करता है और समग्र समाधान प्रदान करता है जो कई क्षेत्रों और प्रणालियों में परिणामों को बेहतर बना सकता है।" - प्रो. पाउला हैरिसन, यूके सेंटर फॉर इकोलॉजी एंड हाइड्रोलॉजी, IPBES नेक्सस असेसमेंट की सह-अध्यक्ष*

- **यह रिपोर्ट जैव विविधता, जल, भोजन, स्वास्थ्य और जलवायु परिवर्तन के महत्त्वपूर्ण तत्त्वों के बीच जटिल पारस्परिक संबंधों के बारे में बताती है**
- **विभिन्न परिदृश्यों में वर्ष 2100 तक इन संकटों के बीच होने वाली भविष्य की प्रक्रियाओं का अनुमान लगाती है**
- **जैव विविधता, जल, भोजन, स्वास्थ्य और जलवायु प्रणालियों के लिए अधिकतम लाभ पर ध्यान केंद्रित करते हुए, ठोस प्रतिक्रिया के कई विकल्प प्रदान करती है**
- **निष्क्रियता और एक साथ कई संकटों का समाधान न करने की लागत** का अनुमान **करती है**
- **सतत विकास लक्ष्यों, कुनमिंग-मॉन्ट्रियल वैश्विक जैव विविधता फ्रेमवर्क और पेरिस समझौते की उपलब्धि का समर्थन करेगी**
- **दुनिया के सभी क्षेत्रों से 57 देशों के 165 प्रमुख अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों द्वारा तैयार की गई है**
- **$1.5 मिलियन से अधिक की कुल लागत के साथ 6,500 संदर्भ हैं, इसे विकसित करने में 3 वर्ष लगे हैं**
- **प्रतिनिधियों और संस्थानों (जैसे, सरकारें, नागरिक समाज, स्वदेशी लोग और स्थानीय समुदाय और निजी क्षेत्र) द्वारा लिए गए निर्णयों की जानकारी देगी, जो एक-दूसरे से जुड़े तत्त्वों और उनकी प्रक्रियाओं को प्रबंधित करते हैं, उनके साथ परस्पर प्रभाव डालते हैं और उनसे प्रभावित होते हैं।**
- **नियोजित मीडिया लॉन्च: 17 दिसंबर 2024 को 13:00 GMT/08:00 EDT/14:00 CET/15:00 CAT**
- **सोशल मीडिया: @IPBES #NexusAssessment**

मंगलवार, 17 दिसंबर 2024 को, जैव विविधता और पारिस्थितिकी तंत्र सेवाओं पर अंतर-सरकारी मंच (IPBES) जलवायु परिवर्तन के संदर्भ में **जैव विविधता, जल, भोजन और स्वास्थ्य के बीच अंतर्संबंधों**

**पर अपनी आकलन रिपोर्ट** को लॉन्च करने की योजना बना रहा है **(**जिसका दूसरा नाम "नेक्सस रिपोर्ट" है) । यह रिपोर्ट **इन क्षेत्रों में काम करने वाले या इन पर रिपोर्ट करने वाले किसी भी व्यक्ति एव संस्था के लिए प्रत्यक्ष रूप से उपयोगी और प्रासंगिक होगी**।

यह रिपोर्ट **जैव विविधता, जल, भोजन, स्वास्थ्य और जलवायु परिवर्तन के पारस्परिक संबंध रखने वाले तत्त्वों के** आन्त्रिक **और बाह्य** कार्रवाई के अवसरों पर प्रकाश डालती है **और प्रत्येक संबंधित प्रतिक्रिया विकल्पों के बीच पूरकताओं और समझौतों** को उजागर करती है। **यह दर्शाती है कि कैसे एक तत्त्व पर ध्यान देने से अन्य तत्त्वों पर सकारात्मक और नकारात्मक, दोनों तरह से प्रभाव पड़ सकता है। साथ ही, ऐसे प्रतिक्रिया विकल्पों की पहचान की जानी चाहिए, जिससे कई तत्त्वों को फ़ायदा हो सके और जिन्हें परिणामों को बेहतर बनाने के लिए अभी अपनाया जा सके।**

रिपोर्ट की तैयारी में **1.5 मिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक की कुल लागत के साथ तीन वर्षों से अधिक का समय लगा है**। इसे **दुनिया के सभी क्षेत्रों से 57 देशों के 165 शीर्ष अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों द्वारा** दो सह-अध्यक्षों के नेतृत्व में तैयार किया गया है: प्रो. पाउला हैरिसन (यूके सेंटर फॉर इकोलॉजी एंड हाइड्रोलॉजी, यूनाइटेड किंगडम) और प्रो. पामेला मैकलेवी (रटगर्स, द स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ़ न्यू जर्सी, यूएसए) । इसमें 6,500 संदर्भों का उपयोग किया गया है, जो जलवायु परिवर्तन के संदर्भ में जैव विविधता, जल, भोजन और स्वास्थ्य पर साक्ष्य और ज्ञान की विविधता को दर्शाते हैं, जिनमें वैज्ञानिक लेख, सरकारी रिपोर्ट और स्वदेशी तथा स्थानीय ज्ञान शामिल है।
इस रिपोर्ट पर विचार किया जाएगा और इसे IPBES बैठक (# IPBES11, 10-16 दिसंबर 2024) के ग्यारहवें सत्र में स्वीकृत किए जाने की संभावना है। IPBES की बैठक लगभग **150** सरकारों का प्रतिनिधित्व करती है जिनका उद्देश्य जैव विविधता और पारिस्थितिकी तंत्र सेवाओं के लिए विज्ञान-नीति इंटरफेस को मज़बूत करना है। 'नीति निर्माताओं के लिए सारांश' जो प्रमुख संदेशों, निष्कर्षों और विकल्पों पर प्रकाश डालता है, इसे **मंगलवार, 17 दिसंबर 2024 को 13:00 UK GMT/14:00 CET/08:00 EST पर विंडहोक, नामीबिया में एक हाइब्रिड (व्यक्तिगत और ऑनलाइन) मीडिया लॉन्च के लिए शेड्यूल किया गया है - दुनिया भर के अन्य समय यहाँ देखें: https://bit.ly/3WxVkF1** )। **लाइव वेबकास्ट स्ट्रीमिंग लिंक: www.ipbes.net**)

**लॉन्च कार्यक्रम के लिए मीडिया को मान्यता देने की प्रक्रिया अक्टूबर में शुरू होगी। जो पत्रकार और मीडिया संगठन अभी तक IPBES की मीडिया सूची में नहीं हैं, उन्हें मान्यता का आमंत्रण प्राप्त करने के लिए यहाँ सदस्यता लेनी चाहिए: http://eepurl.com/hxkQgn (यह सुविधा केवल मीडिया के लिए है) ।**

अक्सर 'जैव विविधता के लिए IPCC' के रूप में वर्णित, IPBES एक वैश्विक विज्ञान-नीति निकाय है जिसे निर्णय लेने वालों, लोगों और प्रकृति के लिए सर्वोत्तम उपलब्ध साक्ष्य प्रदान करने का काम सौंपा गया है।

## 'नेक्सस रिपोर्ट' के अहम पहलू

जैवविविधता, जल, भोजन, स्वास्थ्य और जलवायु परिवर्तन से संबंधित वैश्विक पर्यावरणीय संकटों को व्यक्तिगत रूप से पृथक- पृथक प्रक्रियाओं (जैसे, अलग-अलग अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों या पृथक राष्ट्रीय एजेंसियों/प्राधिकरणों) के माध्यम से उठाया गया है। जलवायु परिवर्तन जैसे एक संकट से निपटने के लिए की गई कार्रवाइयों ने

अक्सर अन्य संकटों के नकारात्मक परिणामों को बढ़ा दिया है, खासकर जैव विविधता के संबंध में। इनमें से प्रत्येक संकट पर ढेर सारा वैज्ञानिक ज्ञान मौजूद है - लेकिन इन संकटों के बीच पारस्परिक संबंधों पर पहले कभी भी कोई गहन वैश्विक विश्लेषण नहीं हुआ है।

पिछले दशक में IPBES द्वारा प्रकाशित कार्य पर आधारित, नेक्सस रिपोर्ट:

- यह आपस में जुड़े पाँचों तत्त्वों के बीच वर्तमान पारस्परिक संबंधों और प्रक्रियाओं का अवलोकन प्रस्तुत करती है तथा यह पता लगाती है कि कौन सबसे अधिक प्रभावित है, सबसे अधिक जोखिम में है और इन प्रक्रियाओं से सबसे अधिक लाभान्वित कौन हो रहा है। यह कार्रवाई करने में विफल रहने और जुड़े हुए तत्त्वों से एक साथ निपटने के बजाय पृथक रूप से निपटने की आर्थिक लागतों का ठोस अनुमान भी प्रदान करती है
- 2050 तक के परिदृश्यों का अनुमान लगाते हुए, संभावित भावी संबंधो की खोज करती है, लेकिन 2100 तक की सीमाओं पर भी विचार किया गया है, ताकि पारस्परिक संबंध रखने वाले पाँच तत्त्वों के भीतर और उनसे जुड़ी दीर्घकालिक चुनौतियों और कार्रवाई के अवसरों को बेहतर ढंग से समझा जा सके
- एकीकृत नीति और कार्रवाई के लिए विभिन्न प्रकार के प्रतिक्रिया विकल्प प्रस्तुत करती है जिससे पारस्परिक संबंध रखने वाले कई तत्त्वों को लाभ होगा
- 'अन्तर्सम्बन्धिये नियंत्रण' के लिए रोडमैप प्रस्तुत करते हुए ऐसे शासन पर ध्यान केंद्रित करती है जो न्यायसंगत और सतत भविष्य को प्राप्त करने के उद्देश्य के लिए उपयुक्त होगा

## 'नेक्सस रिपोर्ट' की संरचना

नेक्सस रिपोर्ट में **सात अध्याय** शामिल हैं, जो रिपोर्ट के प्रमुख संदेशों के लिए वैज्ञानिक आधार प्रदान करते हैं। इन अध्यायों में नीचे दी गई जानकारी शामिल है:

1. नेक्सस का परिचय, मूल्यांकन की रूपरेखा और नीति प्रासंगिकता को रेखांकित करना, जुड़े हुए तत्त्वों और उनकी आपस में एक-दूसरे पर निर्भरता को परिभाषित करना
2. जल, भोजन, स्वास्थ्य और जलवायु परिवर्तन के साथ जैव विविधता की पारस्परिक क्रियाओं में अतीत और वर्तमान रुझान; पर्यावरणीय, सामाजिक और आर्थिक प्रभावों का मूल्यांकन
3. नीतिगत लक्ष्यों से मेल खाने वाले प्रमुख कारकों का विश्लेषण करते हुए, जुड़े हुए तत्त्वों के बीच पारस्परिक क्रियाओं के भविष्य के अनुमान
4. विभिन्न क्षेत्रों में नीतिगत और सामाजिक-राजनीतिक विकल्प जो सतत भविष्य की ओर जाने की प्रक्रिया को सुगम और तीव्र बना सकते हैं
5. नेक्सस-व्यापी लाभ प्रदान करने के लिए पारस्परिक संबंध रखने वाले प्रत्येक तत्व के उपलब्ध प्रतिक्रिया विकल्प
6. नेक्सस के जैव विविधता से संबंधित तत्त्वों के लिए सार्वजनिक और निजी वित्त के लिए सतत दृष्टिकोण प्रदान करने के विकल्प
7. विकल्पों का सारांश और संश्लेषण, ज्ञान और प्रौद्योगिकी के अंतराल तथा क्षमता विकास और निर्णय लेने के लिए समग्र दृष्टिकोण के लिए एक रोडमैप

## अपेक्षित प्रभाव

IPBES नेक्सस रिपोर्ट:

- नीति निर्माताओं और विविध हितधारकों सहित निर्णयकर्ताओं को जलवायु परिवर्तन के संदर्भ में जैव विविधता, जल, भोजन और स्वास्थ्य के बीच पारस्परिक संबंधों के बारे में सर्वोत्तम उपलब्ध साक्ष्य, विश्लेषण और विकल्प प्रदान करेगी।
- सतत विकास लक्ष्य, वैश्विक जैव विविधता रूपरेखा और पेरिस समझौते को एक साथ प्राप्त करने के लिए अधिक एकीकृत निर्णयों और कार्रवाई की जानकारी देगी
- वैश्विक चुनौतियों से निपटने में विभिन्न प्रतिनिधियों की भूमिका को पहचानकर उस पर विशेष ध्यान देगी

## समीक्षक और दर्शक

सटीकता, विश्वसनीयता और नीति-प्रासंगिकता के उच्चतम संभव स्तर को सुनिश्चित करने के लिए, IPBES नेक्सस रिपोर्ट की व्यापक रूप से एक खुली और पारदर्शी बाहरी समीक्षा प्रक्रिया के माध्यम से समीक्षा की गई है, जिसमें वैज्ञानिकों, निर्णयकर्ताओं (सरकारों सहित), विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों और इस विषय में जानकारी रखने वाले स्वदेशी और स्थानीय लोगों द्वारा प्रस्तुत हज़ारों बाहरी समीक्षा टिप्पणियाँ शामिल हैं।

'नेक्सस रिपोर्ट' को निर्णयकर्ताओं के एक व्यापक समूह को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है, जिसमें सरकारी और बिज़नेस लीडर्स, नागरिक समाज समूह, स्वदेशी लोग और स्थानीय समुदाय शामिल हैं।

## IPBES पॉडकास्ट

रिपोर्ट के दायरे, पैमाने और महत्व के बारे में अधिक जानने के लिए, नवंबर 2024 के अंत से उपलब्ध IPBES पॉडकास्ट, *नेचर इनसाइट* के सीज़न 4 को सुनें- किसी भी प्लैटफ़ॉर्म से जहाँ से आप अपने पॉडकास्ट सुनते हैं।

| 3 साल की समय-सीमा | |
|---|---|
| *जून, 2021* | IPBES बैठक, जिसमें IPBES के सदस्य देशों के प्रतिनिधि शामिल थे, ने मूल्यांकन के लिए रोडमैप स्थापित करने वाली 'स्कोपिंग रिपोर्ट' को मंज़ूरी दी। |
| *फ़रवरी, 2023* | विशेषज्ञों ने अध्यायों के प्रथम प्रारूप की समीक्षा की तथा आईपीबीईएस विशेषज्ञों द्वारा आगामी प्रारूपों में समीक्षा टिप्पणियाँ की गईं। |
| *जनवरी, 2024* | सरकारों और विशेषज्ञों ने अध्यायों के दूसरे प्रारूप और नीति निर्माताओं के लिए सारांश के प्रथम प्रारूप की समीक्षा की। इन टिप्पणियों पर आईपीबीईएस विशेषज्ञों द्वारा फ़ाइनल टेक्स्ट में विचार किया गया है। |

| | |
|---|---|
| *दिसंबर, 2024* | #IPBES11 बैठक के सत्र में सदस्य देशों द्वारा विंडहोक, नामीबिया में नीति निर्माताओं के लिए सारांश के फ़ाइनल टेक्स्ट पर विचार-विमर्श, उसके बाद 17 दिसंबर, 2024 को योजना के मुताबिक मीडिया लॉन्च। |

**लॉन्च करने की जगह: #IPBES11, विंडहोक, नामीबिया, 17 दिसंबर, 2024**

**ब्रेकिंग न्यूज, नवीनतम घोषणाओं, विशेषज्ञों के लिए कॉल के साथ-साथ और जानकारी के लिए, आज ही एक IPBES हितधारक के रूप में पंजीकरण करें:** www.ipbes.net/stakeholders (गैर-मीडिया)

## IPBES के बारे में जानकारी

लगभग 150 सदस्य सरकारों के साथ, जैव विविधता और पारिस्थितिकी तंत्र सेवाओं पर अंतर-सरकारी विज्ञान-नीति मंच (IPBES) एक वैश्विक निकाय है जो निर्णयकर्ताओं के अनुरोधों के जवाब में जैव विविधता की स्थिति और लोगों के लिए प्रकृति के योगदान का आकलन करता है। साथ ही, विभिन्न सामाजिक-आर्थिक विकल्पों के आधार पर भविष्य के विकल्पों की रूपरेखा तैयार करता है।

IPBES का मिशन जैव विविधता के संरक्षण और सतत उपयोग, दीर्घकालिक मानव कल्याण और सतत विकास के लिए विज्ञान के माध्यम से नीति और निर्णयों को मज़बूत बनाना है।

IPBES सचिवालय की मेजबानी जर्मन सरकार द्वारा की जाती है और यह बॉन में संयुक्त राष्ट्र परिसर में स्थित है। दुनिया भर में हज़ारों वैज्ञानिक स्वैच्छिक आधार पर IPBES के काम में अपना योगदान देते हैं। उन्हें उनकी सरकारों या संगठनों द्वारा नामित किया जाता है और IPBES बहु-विषयक विशेषज्ञ पैनल द्वारा चुना जाता है।

*2016 में जारी की गई 'IPBES परागण आकलन रिपोर्ट' को 80 से अधिक देशों के 1,300 से अधिक मीडिया आउटलेट्स द्वारा 18 भाषाओं में कवर किया गया था। समाचार विज्ञप्ति: http://bit.ly/2sq6gbQ*

*2017 में जारी की गई 'IPBES क्षेत्रीय आकलन रिपोर्ट' और 'भूमि क्षरण और बहाली पर विषयगत आकलन रिपोर्ट' को 124 से अधिक देशों के 2,500 से अधिक मीडिया आउटलेट्स द्वारा 37 भाषाओं में कवर किया गया था। समाचार विज्ञप्ति: http://bit.ly/2C0tnNu and http://bit.ly/2ylipyo*

*2019 में जारी की गई 'IPBES ग्लोबल असेसमेंट रिपोर्ट' को 170 से अधिक देशों के 10,500 से अधिक मीडिया आउटलेट्स द्वारा 50 भाषाओं में कवर किया गया था। समाचार विज्ञप्ति: http://bit.ly/GlobalAssessment*

*2022 में जारी की गई 'IPBES वन्य प्रजातियों का सतत उपयोग' और 'IPBES मूल्य आकलन रिपोर्ट' को 100 से अधिक देशों के 1,800 से अधिक विभिन्न मीडिया आउटलेट्स द्वारा 36 भाषाओं में कवर किया गया था। समाचार विज्ञप्ति: https://bit.ly/IPBES_SUA and https://bit.ly/IPBES_VA.*

*2023 में जारी की गई 'IPBES आक्रामक विदेशी प्रजाति आकलन रिपोर्ट' को 105 से अधिक देशों के 2,400 से अधिक विभिन्न मीडिया आउटलेट्स द्वारा 44 भाषाओं में कवर किया गया था। नई विज्ञप्ति: https://bit.ly/InvasiveMedia*

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: media@ipbes.net www.ipbes.net

## IPBES को फ़ॉलो करें:

x.com/@IPBES
facebook.com/IPBES
youtube.com/ipbeschannel
linkedin.com/company/ipbes
instagram.com/ipbes_
threads.net/@ipbes_
bsky.app/profile/ipbes.bsky.social
mas.to/deck/@ipbes